## संक्षिप्त

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया

**उदयपुरवाटी** । निसं। निकटवर्ती किरोड़ी सड़क मार्ग पर स्थित एकता पब्लिक स्कूल में अध्यनरत बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्कूल की निदेशक डॉ, संतोष सिरोही ने बताया कि आस्था चाइल्ड हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ, अनिल कुमावत, वरिष्ठ दंत चिकित्सक प्रकाश चंद सैनी, ओम आई केयर के कौशल व टीम के सदस्यों द्वारा 300 बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शुक्रवार व शनिवार को किया गया। इस अवसर पर डॉ, संतोष सिरोही, राव योगेश सिंह, भूपेंद्र सिंह, आयुषी राय, सुश्री ज्योति, सुश्री रितिक राव, शशांक, पूजा सैनी, सोनू कुमावत, महिपाल सैनी, रितिका तिवाड़ी,इंदू शर्मा, सुशीला देवी, ज्योति सैनी, उम्मेद, राजेश सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### पोष बड़ा का हुआ आयोजन

**सीकर,( निसं )** । जग कल्याणी दुर्गा पूजा समिति की ओर से रविवार को शेखपुरा स्थित धनजी मनजी गीदड़ चौक में पोष बड़ा का आयोजन किया गया श्याम भक्त रामगोपाल गोपी ने बताया कि सर्वप्रथम रामदास बगीची स्थित बालाजी मंदिर में संत शंकर दास, संत बालक दास, ने भोग लगाकर प्रसाद वितरण शुरू किया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शंकरलाल पहाड़िया ,मंत्री ओमप्रकाश माथुर,कोषाध्यक्ष मुकेश जोशी,उपाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ किशोर जांगिड़, कमल शर्मा,सुरेंद्र मावलिया, कोकट जोशी चंद्र प्रकाश भंडारी,राकेश शर्मा, शंकर लाल सेन पत्रकार, सहित काफी संख्या में भक्त जन मौजूद रहे

### नियंत्रण कक्ष स्थापित

**सीकर,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान जयपुर द्वारा प्रायोजित नगरीय निकायों के उपचुनाव माह जनवरी 2025 के प्रयोजनार्थ जिला कलेक्ट्रेट सीकर में संचालित नियंत्रण कक्ष (01572-251008) को निर्वाचन नियंत्रण कक्ष बनाया है तथा इस नियंत्रण कक्ष में कार्यरत समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि निर्वाचन नियंत्रण कक्ष से संबधित कार्य नियत समय पर संपादित किया जाना सुनिश्चित करें।

### कार्यशाला का आयोजन 23 को

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक ''प्रशासन गांवों की ओर'' 2024 अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत 23 दिसम्बर 2024 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में गुड गर्वेनेन्स प्रेक्टिस के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया जावेगा।कार्यशाला के मुख्य अतिथि पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़ होंगे।

### प्रदेश महामंत्री दीपक बन

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,** (निसं)। छात्र संगठन एन एस यू आई की घोषित कार्यकारिणी में युवा नेता दीपक पांडेय को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। पांडे के महामंत्री बनने पर उनके समर्थकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है जबकि पांडेय ने महामंत्री के पद पर नियुक्त किए जाने पर पीसीसी चीफ लक्षमनगढ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा व संगठन के प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### दीपिका प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी

**बलवंतपुरा,** । डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा के छात्रावास की छात्रा दीपिका साहरण का 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता शूटिंग अंडर 19 छात्रा वर्ग 10 मीटर एयर पिस्टल के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी। विद्यालय शूटिंग कोच प्रियंका जाना ने बताया कि दीपिका साहरण का चयन नेशनल प्रशिक्षण शिविर, जो 24 से 26 दिसंबर तक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रामपुरा रूपा टोंक फाटक जयपुर में आयोजित होगा। विद्यालय प्राचार्या इंदू सोनी ने दीपिका के नेशनल शिविर में चयन होने पर उज्जवल भविष्य की कामना की और आगे भी खेलों में ऐसे ही शानदार प्रदर्शन करने की आशा जाहिर की।

### पदाधिकारीयों का किया स्वागत

**रतनगढ़,**(निसं)। लायंस क्लब परिवार के पदाधिकारी रतनगढ़ पधारने पर निजी होटल में लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट के सदस्यों द्वारा सुनील अरोड़ा, अशोक ठाकुर, डॉ आशुतोष वशिष्ठ, ओ पी मंगल का स्वागत किया गया। क्लब सदस्यों द्वारा पधारे हुए अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा पहनाकर ओर मोमेंटो देकर स्वागत किया गया।

# किसानों ने ट्रांसमीशन लाइन के कार्य को रूकवाया, कहा-पहले मुआवजा तय करो



खेतों में लाठी के जोर पर घुस गए थे कर्मचारी, संकल्प सभा के जरिए एकजुट हो रहे किसान ।

**मुकुंदगढ़,** । इलाके में श्री सीमेंट के खिलाफ किसान अभी तक पूरी शांत भी नहीं हुए है कि एक और नई कंपनी से किसानों के खेत उजड़ने लग गए है। जी, हां बीकानेर नीमराना तक 765 केवी डीसी ट्रांसमीशन लाइन को लगाने के लिए नवलगढ़ इलाके के आधा दर्जन गांवों के किसानों की जमीनों को ट्रांसमीशन लाइन लगाने वाली कंपनी के कर्मचारी फोकट में ही ना केवल अवैध कब्जे कर रहे है।

बल्कि लगी लगाई फसल को भी बर्बाद कर रहे है। पांच-छह किसानों के खेतों में ये कर्मचारी शुरू शुरू में जबरदस्ती घुस गए और फसलों को बर्बाद कर दिया। लेकिन किसानों ने इन कर्मचारियों का सामना शुरू कर दिया। जिसके बाद इन्हें काम करने के लिए रोक दिया गया है। साथ ही दुबारा ना आने की चेतावनी दी गई है। इधर, मामले को लेकर जेजूसर सरपंच प्रतिनिधि और कामरेड कपिल एचरा ने प्रभावित गांवों के किसानों के साथ संकल्प बैठकें शुरू कर दी है। रविवार को जेजूसर गांव में हुई बैठक में कपिल एचरा ने कहा कि 20 दिसंबर को सांगासी मांडासी, 21 दिसंबर को देवगांव नूआं में बैठक के बाद रविवार को जेजूसर गांव में बैठक हो रही है। इसके बाद 24 दिसंबर को तोगड़ा कलां तथा 25 दिसंबर को राणासर गांव में संकल्प बैठकें होगी।

वहीं 23 दिसंबर को जिला स्तर पर होने वाले प्रदर्शन में भी ट्रांसमीशन वालों की दादागिरी की बात उठाई जाकर कलेक्टर से बात की जाएगी। इसी क्रम में 26 दिसंबर को ट्रांसमीशन वालों के खिलाफ सांसद अमराराम के नेतृत्व में सीकर में होने वाली सभा में भी स्थानीय किसान हिस्सा लेकर आंदोलन की रणनीति तय करेंगे। एचरा ने साफ शब्दों में कहा है कि उन्हें चाहे लाठी खानी पड़े या फिर गोली।

लेकिन किसानों की बात सुने बिना इन लाइनों को हमारे खेतों में से नहीं जान देंगे। ये कंपनियां किसानों के खेतों को बर्बाद कर रही है। जिसका मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा। ना ही कोई योजना बनाई जा रही है। कंपनियां प्रशासन से मिलीभगत कर जबरदस्ती खेतों में घुस रही है। यह समस्या सिर्फ नवलगढ़ की नहीं है। बल्कि पूरे शेखावाटी की है। इसलिए सीकर में सभा होगी। इसके बाद झुंझुनूं कलेक्ट्रेट पर भी सांसद अमराराम और पूर्व विधायक बलवान पूनियां के नेतृत्व में सभा करेंगे। जेजूसर में हुई बैठक की अध्यक्षता डॉ. जयप्रकाश ने की।

## लोक अदालत में अनेकों प्रकरणों का किया निस्तारण

**रतनगढ़,( निसं )**। न्यायालय परिसर, रतनगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक के निर्देशानुसार बेंच का गठन किया गया। जिसमें अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड़ को बेंच का अध्यक्ष, तालुका सदस्य संतोष कुमार इंदौरिया व अधिवक्ता लक्ष्मण प्रजापत बेंच के सदस्य रहे। बेंच के समक्ष प्रिलिटिगेशन में 1,61075 लाख रुपए की धन वसूली हुई और अन्य प्रकरणों में एम.ए.सिटी में 59,35000 लाख रुपए, सभी प्रकार के प्रकरण (दीवानी वाद ,इजरायल,) में 34600 रुपए, धारा 138 (.. ,) में 11,41000 लख रुपए की धन वसूली हुई। ( 10 ) के 12 प्रकरण 5 साल पुराने 16 प्रकरणों, 10 साल पुराने 5 प्रकरण अन्य 174 प्रकरणों का निस्तारण हुआ।

## छात्रावास में अनियमितताओ को लेकर छात्रों में रोष



छात्रावास में व्यापत अनियमितताओं को लेकर छात्रों ने नारेबाजी कर रोष प्रकट किया ।

- **छात्रावास अधीक्षक द्वारा छात्रों को डराया-धमकाया जा रहा है और छात्रावास से निकाल देने की धमकियां दी जा रही है।**

**बीदासर** । निकटवर्ती ग्राम साण्डवा में स्थित राजकीय अम्बेडकर छात्रावास में व्यापत अनियमितताओं को लेकर छात्रों ने नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। मामले को लेकर मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन संगठन के तहसील अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद मेघवाल ने छात्रावास के संचालन में बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर समाज कल्याण अधिकारी राजेंद्र स्वामी को पत्र भेजकर अवगत करवाया। पत्र में लिखा है कि छात्रावास में रह रहे छात्रों के साथ छात्रावास अधीक्षक द्वारा दुर्व्यवहार किया जा रहा है एवं छात्रावास के संचालन में भयंकर अनियमिततायें बरती जा रही है। छात्रावास में छात्रों के नहाने हेतु गर्म पानी की व्यवस्था नहीं है जिस कारण छात्र इस भयंकर सर्दी के मौसम में ठण्डे पानी से नहाने को मजबूर है जिससे कई छात्र बीमार हो गये। छात्रों को भोजन भी निर्धारित मेन्यू के अनुसार नहीं दिया जा रहा है और छात्रों से ही रसोई में रोटियां सेकने का कार्य करवाया जाता है। छात्रों को रात्रि 10 बजे के बाद लाईट नहीं जलाने देते हैं। छात्रावास में एक अज्ञात व्यक्ति अवैध तरीके से छात्रावास में निवास कर रहा है और छात्रावास की सुविधाओं का दोहन कर रहा है, इतना ही नहीं उक्त व्यक्ति दादागिरी दिखाकर और छात्रों को डराकर उनसे जबरदस्ती छात्रावास के शौचालयों की सफाई भी करवा रहा है और छात्रावास में छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी लिखा है कि छात्रावास अधीक्षक द्वारा छात्रों को डराया-धमकाया जा रहा है और छात्रावास से निकाल देने की धमकियां दी जा रही है। हॉस्टल में रहने वाले छात्रों की कोई सुनवाई नहीं कर रहा है जो छात्रों के अधिकारों का हनन है। सरकार द्वारा गरीब, पिछड़े छात्रों के उत्थान के लिए यह छात्रावास की सुविधा दी जाती है। छात्रावास में छात्रों के साथ इस प्रकार दुर्व्यवहार और शोषण, शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। वही पत्र की प्रति सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री और जिला कलेक्टर को भी भेजकर यथाशीघ्र जांच कर नियमानुसार कार्यवाही कर छात्रावास में हो रही अव्यवस्थाओं का निराकरण करने की मांग की गई।

## युवा महोत्सव 'सारंग-2024-25' का भव्य आयोजन 27 को

- **यूट्यूब एवं फेसबुक पर होगा सीधा प्रसारण**

**झुंझुनूं,( निसं )**। शेखावाटी के सबसे बड़े फेस्टिवल 'सारंग-2024-25' का एक दिवसीय आयोजन झुंझुनूं एकेडमी के डीएम मोदी ऑडिटोरियम में 27 दिसम्बर शुक्रवार दोपहर दो बजे से किया जाएगा। जानकारी देते हुए झुंझुनूं एकेडमी प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से जारी है। विभिन्न प्रस्तुतियां देने वाले प्रतिभागियों ने स्टेज पर रिहर्सल प्रारंभ कर दी है। इस कार्यक्रम को विशेष रूप से प्लान व डिजाइन किया गया है। जिसमे हर रंग एवं विधा के कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। जो हर वर्ग एवं आयु के लोगों का मन मोह लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आधुनिकता के साथ साथ भारतीय संस्कृति, देश भक्ति, शास्त्रीय एवं विरासत की भी झलक देखने को मिलेगी। स्कूल चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने सारंग महोत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास करना है। नई शिक्षा नीति 2020 भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार की गई है। 'सारंग' कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'जीतो-जीतो लाइफ को जीतो' एक सुपर मेगा इवेंट है। जिसमें जीवन को जीतने के लिए मोटिवेशन के मूल सूत्र जीवंतता के साथ प्रस्तुत किए जाएंगे। मोटिवेशन थीम पर आधारित इस गीत में 300 से अधिक विद्यार्थी अपने नृत्य के माध्यम से खेलों को प्रमोट करने एवं कॅरिअर के रूप में अपनाने का संदेश देंगे। झुंझुनूं एकेडमी सदैव ही इको फ्रेंडली एनवायरमेंट को प्रमोट करती है तथा साथ ही पुराने वेस्ट को बेस्ट रूप में उपयोग में लेती है। इसी उद्देश्य से स्कूल के विद्यार्थी अपनी प्रस्तुति द्वारा संदेश देंगे। इसी के साथ विद्यालय के चारों हाउस द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, योगा एवं मेडिटेशन, फिजिकल एंड मेंटल हेल्थ, कॅरिअर आस्पेक्ट्स जैसे विषयों से संबंधित मॉडल्स की हैंडमेड प्रदर्शनी लगाई जाएगी। स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम पूर्णतया विद्यालय के स्टूडेंट काउंसिल द्वारा आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में लगभग 1000 से अधिक विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि सीबीएसई और राजस्थान बोर्ड के कक्षा 10 व 12 टॉपर्स को बजरंगलाल हलवाई स्कॉलरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा तथा 88 हजार रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। गत वर्ष एकेडमिक्स में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कक्षा नर्सरी से 11 तक के टॉपर विद्यार्थियों को भी एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड द्वारा सम्मानित किया जाएगा। स्कूल डायरेक्टर गरिमा मोदी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने पर्व, त्योहारों एवं संस्कृति से अवगत करवाने के लिए बारह महीनों के बारह त्योहारों की थीम पर भव्य नृत्य का भी आयोजन होगा। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा कला व संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

## बयान के विरोध में अमित शाह का पुतला फूंका

**बगड़,( निसं )** । कस्बे में भीम आर्मी भारत एकता मिशन, अंबेडकर मेमोरियल वेलवेयर सोसायटी, अंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारत सरकार संसद में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा बताया कि संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान करना भारतीय संविधान का अपमान करना है। संविधान ने राष्ट्र के सभी मूलभूत अधिकार प्रदान किए हैं। संविधान में न्याय, समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व के अधिकार दिए हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सतवीर बरवड़ ने बताया कि बहुजन समाज गृह मंत्री अमित शाह के बयान की कड़ी निंदा करता हैं। भीम आर्मी, अंबेडकर मेमोरियल वेलवेयर सोसायटी, अंबेडकर विचार मंच द्वारा निमड़ी स्टैंड बगड़ से नारे लगाते हुए भारतीय संविधान जिंदाबाद, भीम आर्मी जिंदाबाद, जय भीम जय संविधान, अमित शाह माफी मांगे, अमित शाह इस्तीफा दे विरोध प्रदर्शन करके मुख्य बाजार होते हुए बीएल चौक बगड़ रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। बीएल चौक गृह मंत्री अमित शाह पुतला फूंका। उसके बाद राष्ट्रपति के नाम से बगड़ थानाधिकारी रघुवीर सिंह को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर समता सैनिक दल प्रदेश महासचिव बीएल बौद्ध, समता सैनिक दल जिलाध्यक्ष धर्मपाल शीला, पार्षद सुभाष बुंदेला, किशोर, रामप्रताप, पवन, भीम आर्मी सहसचिव मनोज बोयल, बलबीर, महेंद्र सिंह आल्हा, विजय आल्हा, अजय बरवड़, विक्रम बरवड़, रामकिशोर, मनीराम भाटिया, शुभम सैनी, भीम आर्मी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास माखर, मुनींद्र गर्वा इस्लामपुर, पंच दिनेश बरवड़ इस्लामपुर, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमावत, महावीरप्रसाद बुंदेला, बलदेव बुंदेला, रणजीत चंदेलिया, खलील बुडाना, पूर्व सरपंच मदनलाल सैनी, मुस्तफा, सुनिल बुंदेला, जोगेंद्र आल्हा, आशाराम आल्हा, राहुल आल्हा, नौरंगलाल, रामलाल बुंदेला, राजेश बुंदेला, हीरालाल बुंदेला, विजय बुंदेला, प्रेम बुंदेला, रूपचंद सामरिया, विशाल आल्हा, रविंद्र आल्हा, हीरालाल, प्रमोद, उदित निर्मल, समधर बरवड़, महेंद्र बुंदेला आदि उपस्थित थे।

# पुलिस सेवानिवृत्त कल्याण संस्थान उपखंड राजगढ़ की त्रैमासिक मीटिंग आयोजित



विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला राजगढ में आयोजित पुलिस सेवानिवृत्त कल्याण संस्थान उपखंड राजगढ की त्रैमासिक मीटिंग में भाग लेते सेवानिवृत पुलिस अधिकारी व कर्मचारी ।

- **65 वर्ष में सेवानिवृत को पेंशन में लाभ दिया जाने हेतु ज्ञापन जिला कलेक्टर को देने की मांग**

**सादुलपुर,** (निसं)। पुलिस सेवानिवृत्त कल्याण संस्थान उपखंड राजगढ के सेवानिवृत्त कर्मचारियों अधिकारियों की त्रैमासिक मीटिंग रविवार को श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला राजगढ के प्रांगण में मांगे राम जांगिड सेवानिवृत्त पुलिस उप निरीक्षक अध्यक्ष संस्थान उपखंड शाखा राजगढ के नेतृत्व में की गई।

वहीं शिवचंद पचार पुलिस निरीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में मुख्य अतिथि रामचंद्र ढाका पुलिस उप निरीक्षक रहे तथा विशिष्ट अतिथि मान सिंह गोदारा पुलिस निरीक्षक, हेतराम धोल पुरिया, गोपाल राम पचार उप निरीक्षक, प्रताप सिंह हैड कांस्टेबल, हजारीलाल इंदौरा कांस्टेबल आदि रहे। जिनका पुलिस कल्याण न्यास का दुपट्टा पहना कर महावीर सिंह मुंड हैड कांस्टेबल, बजरंग लाल उप निरीक्षक, हेतराम उप निरीक्षक, बनवारी लाल रूलानिया सहायक उप निरीक्षक, सत्तार खान हैड कांस्टेबल, रामकिशन सुड्डा उप निरीक्षक उपाध्यक्ष तथा हाजी लियाकत अली शेख प्रचार मंत्री द्वारा सम्मान किया गया। मीटिंग में आपसी विचार विमर्श किया गया तथा मीटिंग के प्रारंभ में संस्थान के जिला अध्यक्ष चूरू गोवर्धन दास स्वामी की माता तथा सेवानिवृत्त साथी मुखराम पचार सहायक उप निरीक्षक का स्वर्गवास होने पर दो मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि दी।

मीटिंग में सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारियों के पुलिस कार्ड बनवाने हेतु हजारीलाल इंदौरा ने प्रस्ताव रखा तथा श्री शक्ति सिंह पूनिया सहायक उप निरीक्षक ने प्रस्ताव रखा। जिसमें राजगढ के जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर भवन हेतु भूमि उपलब्ध करवाई जाकर निर्माण कार्य करवाए जाने हेतु जाने की माँग रखी गई। साथ ही 65 वर्ष में सेवानिवृत को पेंशन में लाभ दिया जाने हेतु ज्ञापन जिला कलेक्टर को देने की मांग के साथ-साथ सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की अनेक मांगे रखी गई तथा उन पर मंथन किया गया। मीटिंग में बलवान सिंह कालेर हैड कांस्टेबल, जोगेंद्र सिंह फगेडिया सहायक उप निरीक्षक सरपंच प्रतिनिधि, सत्यवीर सिंह धायल कांस्टेबल सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत लीलावठी, ओम प्रकाश जांगिड पुलिस उप निरीक्षक, इंदर चंद मीणा हैड कांस्टेबल तथा सुभाष चंद्र मितड ए.ए.ओ. मीटिंग में उपस्थित रहे, जिनका सम्मान किया गया। वहीं मांगीलाल लूहानी सहायक उप निरीक्षक सचिव शाखा राजगढ द्वारा मंच का संचालन किया गया तथा उन्होंने आगंतुकों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया गया। सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मीटिंग का समाप्त हुआ।

## सार-समाचार

### सद्भावना संस्थान का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**चूरू** । स्थानीय परशुराम भवन में सनातन सद्भावना संस्थान का वार्षिकोत्सव रविवार को महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद् बाबूलाल शर्मा थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता बऊ धाम के रोशन नाथ महाराज ने की। इस अवसर पर संघ के खंड कार्यवाहक तारानगर के मनोज पंवार व गजानंद जांगिड़ थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोशननाथ महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में महिला सदैव सबला रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में बढ़- चढ़कर भाग लेना चाहिए। वहीं मुख्य वक्ता बाबूलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओं के बिना किसी भी सभ्य समाज की उत्पत्ति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि एक अच्छे समाज व परिवार के उत्थान की कल्पना केवल एक महिला ही कर सकती है। इस अवसर पर इन्द्र सिंह शेखावत, नागरमल सैनी, सुरेश शर्मा व प्रेम राज सैनी ने आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मानसी सोनी व पारुल सैनी को कक्षा 12 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान देवानंद सैनी, कमलेश राव, मामराज प्रजापत, नरेंद्र सोनी, पंकज सैनी, परमेष्वर लाल सैनी, प्रताप सिंह, रामचंद्र सैनी, रवि कुमार, विनोद शर्मा, तेजपाल शर्मा, राजेंद्र दर्जी, महेश सैनी, सुनील शर्मा, सोम प्रकाश सोनी, विजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में सद्भावना संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन देवकांत शर्मा ने किया।

### दलिया परोसकर मनाई पुण्यतिथि

**रतनगढ़,( निसं )**। भारत विकास परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान द्वारा अपने पिता स्व रूपचंद चाकलान की पुण्यतिथि पर स्थानीय श्री कृष्ण गौशाला में गौमाता को मीठा दलिया व गुड़ खिलाया एवं बीमार गौवंश हेतु दवाइयां उपलब्ध करवाई साथ ही परिषद् के संरक्षक विनोद वर्मा द्वारा भी अपनी माताजी स्व रूकमणी देवी की पुण्यतिथि पर गौमाता को मीठा दलिया परोसा गया। गौशाला प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में महेश जोशी द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के सातवें अध्याय का वाचन किया गया व श्रीमद्भगवद्गीता की पुस्तक सभी उपस्थित सदस्यों को चाकलान परिवार द्वारा वितरित की गई। परिषद् की योजनानुसार सदस्य राजेन्द्र सिंह बीदावत, वासुदेव चाकलान, कैलाश आत्रेय, एड जयकांत बिंवाल, विनोद चौमाल, भंवरलाल टेलर, दिनेश चंद्र शर्मा, गणेश चंद्र शर्मा, पवन महर्षि व जगदीश प्रसाद शर्मा को उनकी वैवाहिक वर्षगांठ पर दुपट्टा ओढ़ाकर व मोमेंटो भेंट कर शुभकामनाएं दी गई। जयपुर में हुई दुखान्तिका पर उपस्थित सदस्यों द्वारा मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर द्वारा चाकलान परिवार के भागीरथ प्रसाद सहित पूरे परिवार को गौ सेवार्थ किये गये पुण्य कार्य हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कान्ता, पूनम, अनिता, घनश्याम शर्मा, प्रशान्त शर्मा, मिलन चाकलान, दामोदर चाकलान, वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, मोहम्मद अनवर कुरैशी, मनोज चारण, शिवशंकर जोशी, पंकज पीपलवा, पवन माटोलिया, वेदप्रकाश पंवार, मदनलाल कम्मा, ओमप्रकाश पुजारी, कमलेशदत्त शर्मा, रामगोपाल पारीक, गोपाल हारित, हिमांशु मालपुरिया, मदनसिंह फ्रांसा, शुकदेव सांखोलिया, नरोत्तमलाल सोनी, कांता कंवर, राजकुमार महर्षि, अरविन्द रत्नधरा, सोमचंद चाकलान, शैलेश शर्मा, ओम मनोहर स्वामी, सार्दुल सिंह राठौड़, रामौतार चांडक, नरेंद्र चौमाल, लोकेश चौमाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### जिला कार्याकारिणी की बैठक हुई

**झुंझुनूं,** । रविवार को अंबेडकर पार्क में मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला संयोजक रामनिवास भूरिया की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर सर्वसम्मति से देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। संयोजक रामनिवास भूरिया ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे हमारे लिए भगवान से भी बढ़कर थे और है एवं सदा रहेंगे। संस्थान के मीडिया प्रभारी सीताराम बास बुडाना ने आगामी पांच जनवरी 2025 को अंबेडकर पार्क में नववर्ष पर कार्यकर्ता स्नेह मिलन के आयोजन की बात कही। संस्थान की कोषाध्यक्ष हरिराम पिपरालिया ने सालाना आय-व्यय का ब्यौरा दिया। इस अवसर पर मदनलाल गुडेसर, बजरंगलाल जाखड़, सत्यनारायण गर्वा, सीताराम गोटड़, विद्याधर बालान भीमसर, टेकचंद भाटिया, रामेश्वरदयाल मालसर सहित अनेक कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

### लोकआदलत का आयोजन किया

**बीदासर** । राजस्थान उच्च न्यायालय, एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश रविन्द्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शरद कुमार व्यास तथा तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ अध्यक्ष महेन्द्रप्रताप भाटी द्वारा पारित दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में रविवार को सिविल न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन न्यायाधीश सरिता कायथ आर.जे.एस की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों, राजस्व-प्रीलिटिगेशन के मामले, एवं अन्य प्रकार के मामलों के संदर्भ में सुनवाई कर उभयपक्षकारान के मध्य आपसी राजीनामा के आधार पर मुकदमों को सुलह, समझाईश से हल करने का प्रयास किया गया। इस दौरान पैनल अधिवक्ता सदस्य अरविंद चौधरी तथा पक्षकारान के अधिवक्तागण रघुवीर भामू, दीनदयाल प्रजापत, परमानंद बिजारणियां, राजकुमार ढ़ाका, वसीम कानूनीया आदि की समझाइश के उपरान्त न्यायालय हाजा में लोक अदालत की अध्यक्ष श्रीमती सरिता कायथ द्वारा समझाइश की गई। लोक अदालत में न्यायालय के कर्मचारी मुकेश चन्द उपाध्याय, रणवीर सिंह राठौड़, गिरिराज जोशी, रामस्वरूप, सुभाष, रणवीर सिंह आदि ने लोक अदालत को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

### शिविर में 67 यूनिट रक्त का संग्रहण

**सीकर,** (निसं)लायंस क्लब सीकर कल्याण धणी और बचपन चिल्ड्रेन हास्पिटल सीकर द्वारा रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।क्लब अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि शिविर का शुभारंभ पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड़ जिला साक्षरता अधिकारी राकेश लाटा, डॉ बी एल रंणवा, डॉ मुरारी गोयल, डॉ नन्दलाल बिजारणियां, डॉ रमेश चौधरी, डॉ दीपिका चौधरी, लायन कलीम खान द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। लायन नरेश प्रधान ने बताया कि रक्तदान शिविर में पुरूषों, यूवाओं और महिलाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। शिविर में कुल 67 यूनिट रक्त का संग्रहण गेटवेल ब्लड बैंक द्वारा किया गया । उन्होंने बताया कि सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशस्ति पत्र भी दिए गये । लायन मनोज लुहारिया और पत्नी रेणु लुहारिया ने बच्चों सहित सपरिवार रक्तदान किया।इस अवसर पर प्रबोध जैन, अनुराग खटोड़, विजय कुमावत, मनीष त्यागी सहित अनेक लायन साथी एवं अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा ।

### कथा के स्थगित हो से धर्मप्रेमियों को निराशा

**सादुलपुर,** (निसं)। पिंजरा पोल गौशाला प्रांगण रामबास राजगढ में 23 दिसंबर सोमवार से 31 दिसंबर तक अंतराष्ट्रीय कथा वाचक मुरलीधर महाराज द्वारा होने वाली श्री राम कथा में मुरलीधर महाराज के मुजफ्फर नगर में अचानक हादसे का शिकार होने के कारण स्थगित हो गई है। रविवार दोपहर तीन बजे प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवासी उद्योगपती कंन्दोई परिवार द्वारा उक्त श्री राम कथा का आयोजन करवाया जाना था तथा श्री राम कथा के लिए आयोजन समिति द्वारा कथा की समस्त तैयारिया भी पूर्ण कर ली गई थी लेकिन बीते रोज मुरलीधर जी महाराज के स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण उक्त रामकथा स्थगित कर दी गई है। वहीं श्री रामकथा को लेकर शहर वासियो, धर्मप्रेमियों में खासा उत्साह भी था, लेकिन श्री राम कथा के स्थगित हो जाने से धर्मप्रेमियों को निराशा हुई है। वही धर्मप्रेमी, आयोजनकर्ता मुरलीधर महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य होने की भगवान से प्रार्थना कर रहे है।

### बाईक चोरी के आरोपी गिरफ़्तार

**बीदासर** । पुलिस ने बाईक चोरी के दर्ज मामलें में एक 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वार्ड 33 निवासी मेघाराम पुत्र रामेश्वरलाल गुरडा ने 20 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट दी कि उसने बीदासर में कारखाना के आगे मोटरसाईकिल खड़ी की थी जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर के ले गया। जिस पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान सउनि दामोदर प्रसाद को सुपुर्द की गई। प्रकरण में सीकर महानिरीक्षक रेंज सत्येन्द्र कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने घटना को गंभीरता से लेने के निर्देश फरमाये। सुजानगढ़ एएसपी दिनेश कुमार, वृताधिकारी बीदासर प्रहलाद राय के निर्देशन व थानाधिकारी कैलाशचन्द्र यादव ने थाना पर टीम गठित कर आरोपी को गिरफतार कर चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की गई।